आकाशवाणी चंडीगढ़

13 दिसंबर 2024, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पंजाब सरकार को अपने राज्य के किसानों की समस्या को देखते हुए उनकी सभी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा करनी चाहिए।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ के किसान भवन में शिल्प एवं हथकरघा प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया और कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हस्तशिल्पियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।
- मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार द्‌वारा लिए गए "एक राष्ट्र एक चुनाव" के निर्णय को देशहित में बताया।
- हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने शहरी स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू कीं। मतदाता सूचि का अंतिम प्रकाशन छः जनवरी को होगा।
- हरियाणा और चंडीगढ़ में ठण्ड बढ़ी। मौसम वैज्ञानिकों ने सरसों की फसल की निगरानी की सलाह दी।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पंजाब के किसान समस्या को देखते हुए पंजाब सरकार को किसानों की सभी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा करनी चाहिए।वह आज चंडीगढ़ के किसान भवन में पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे।

किसान नेता डल्लेवाल और उनकी न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर किए गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस हर बात पर राजनीति करती हैं। उन्हें पंजाब और कॉंग्रेस शासित राज्यों में किसानों को सशक्त बनाने के लिए फैसले लेने चाहिए.

हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश की जनता ने नकार दिया है।अरविन्द केजरीवाल पर हमलावर होते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब के लोगों से चुनाव के समय जो वादे किए थे उन्हें वे पूरा नहीं कर सके और दिल्ली में पारदर्शी शासन देने में नाकाम रहे।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ के किसान भवन में आयोजित शिल्प एवं हथकरघा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना में हस्तशिल्पियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी प्रधानमंत्री की इस परिकल्पना को के अनुसार प्रदेश में शिल्पकारों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि क्राफ्ट रूट्स संस्था द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी ने हस्तशिल्पियों को अपनी कला को प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच प्रदान किया है। और साथ ही हर प्रांत, हर क्षेत्र और हर समुदाय की विशिष्ट कला और शिल्प परंपरा को एक छत के नीचे लाने का सराहनीय प्रयास किया है। संस्था ने लगभग 75,000 युवाओं और महिलाओं को कौशल प्रदान किया है।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान 28 नवंबर से चल रहे सरस और शिल्प मेले में हस्तशिल्पियों और हथकरघा कारीगरों को बड़ा मंच प्रदान हुआ है। इस मेले में देश- विदेश के हस्तशिल्पी आए हैं।

**********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर लिया गया निर्णय देशहित में है।अंबाला के तेपला में नंदलाल गीता विद्या मंदिर के प्रांगण में विवेकानंद भवन के भू-तल खंड का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निर्णय से पैसे और समय की बचत होगी और आमजन भी लाभान्वित होगा।

उन्होंने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री की परिकल्पना की जमकर तारीफ की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फैसला भी विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने की तरफ बढ़ाया गया एक कदम है। इस दौरान उन्होंने एक राष्ट्र एक चुनाव का विरोध करने वालों पर भी कटाक्ष किया और कहा विरोधी सिर्फ अपनी चिंता कर रहे है ओर प्रधानमंत्री पूरे राष्ट्र की ओर देख रहे है।

उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्कूल को 31 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

*************************************************************************

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने शहरी स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं।राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह राठी ने जिला उपायुक्तों और नगर निगम आयुक्त को चुनाव की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।प्रदेश में तीन नगर निगम , तीन नगर परिषद और 21 नगर पालिकाओं में चुनाव होने हैं।

राज्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि चुनाव के लिए 6 जनवरी तक अंतिम मतदाता सूची जारी करने की योजना है। 17 दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित होग। 23 दिसंबर तक दावे ,आपत्तियां और संशोधन का काम होगा। 27 दिसंबर तक दावों का निपटारा किया जाएगा । श्री राठी ने बताया कि अंतिम सूची जारी किए जाने के बाद कभी भी नगर निकाय चुनाव की घोषणा हो सकती है।

कुछ राजनीतिक दलों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में छेड़छाड़ को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा --

उन्होंने बताया कि महापौर और नगर परिषद पालिकाओं के प्रधान के लिए सीधा चुनाव होगा। नगर निगम - गुरुग्राम फरीदाबाद मानेसर के आम चुनाव होंगे वहीं सोनीपत और अंबाला नगर निगम के महापौर का उपचुनाव होगा क्योंकि वहां के महापौर विधायक चुने गए हैं।

*****************************************************************

रक्षा मंत्रालय द्वारा गणतंत्र दिवस समारोहों के हिस्से के तौर पर माय गोव प्लैटफॉर्म पर 10 से लेकर आज 13 दिसंबर तक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भारत में सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं पर आयोजित की गई है।

पंचकूला में भानु स्थित भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल के प्रशिक्षण केंद्र के प्रमुख, महानिरीक्षक आनंदपाल सिंह निबाडिया ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों व रक्षा से जुड़े लोगों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए भारत सरकार की यह अच्छी पहल है।

प्रतिभागियों के लिए यह प्रतियोगिता आज रात तक खुली है।

*********************************************************************

हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में शीत लहर चल रही है हालांकि धूप खिलने से दिन में ठंड का प्रकोप कम है।भिवानी के कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. देवीलाल ने बताया कि किसानों को सरसों की फसल का ध्यान रखना होगा।

******************************************************************

हरियाणा से बी.जे.पी उम्मीदवार रेखा शर्मा निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुनी गई हैं। उनके विरोध में कांग्रेस या किसी दूसरे दल के उम्मीदवार ने नामांकन नहीं भरा। आज नामांकन वापसी के अंतिम दिन उन्हें निर्विरोध विजेता घोषित किया गया। रिटर्निंग ऑफिसर ने रेखा शर्मा को जीत का प्रमाण पत्र सौंप दिया है। उनका कार्यकाल 2028 तक रहेगा।